ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2022

# GRADE 9

# HINDI

**Subject Code:** 8 0 1

**Total Questions:** 50

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- उत्तर-पत्रिका में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पॉइंट पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **50 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।
  प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खण्ड-क ( विषय आधारित )

**निर्देशः इस खण्ड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. 'पंजाबी' भाषा की लिपि का नाम बताइये–

(A) कांजी (B) गुरुमुखी
(C) सिरिलिक (D) देवनागरी

2. 'पहाड़ी हिंदी' की बोलियाँ हैं–

(A) भोजपुरी (B) मारवाड़ी
(C) कुमाउनी (D) सभी उत्तर गलत हैं

3. च् + औं + क् + अ + न् + आ वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–

(A) चोकना (B) चकौंना
(C) चोकौना (D) चौंकना

4. 'क्षेत्र' शब्द का वर्ण-विच्छेद है–

(A) ष् + क् + ए + त् + र् + अ (B) ए +ष् + क् + त् + र् + अ
(C) ए + क् +ष् + त् + र् + अ (D) क् +ष् + ए + त् + र् + अ

5. 'ईय' प्रत्यय से बना हुआ शब्द है–

(A) राष्ट्रिय (B) राष्ट्रीय
(C) मरियल (D) गोपनिय

6. 'अनु' उपसर्ग से बना शब्द है–

(A) अनूकुल (B) अनूसार
(C) अनुराग (D) अन्वय

7. 'उत्कर्ष' शब्द किस उपसर्ग से बना है–

(A) उत (B) उत्
(C) उ (D) उता

8. 'राजेश' शब्द का संधि-विच्छेद है–

(A) राजा + ईश (B) राज् + ईश
(C) राजा + इश (D) राजे + श

9. 'सदा + एव' की संधि से बना सही शब्द है–
   (A) सदाव (B) सदेव
   (C) सदैव (D) सदाएव

10. 'पो + अन' की संधि से बना सही शब्द है–
   (A) पोअन (B) पवन
   (C) पोन (D) पउन

11. निम्नलिखित में से करण तत्पुरुष का उदाहरण कौन-सा है–
   (A) शरणागत (B) हस्तलिखित
   (C) हवनसामग्री (D) पापमुक्त

12. निम्नलिखित में से बहुब्रीहि समास का उदाहरण है–
   (A) त्रिलोक (B) गजानन
   (C) अधपका (D) चरणकमल

13. 'जानने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द है–
   (A) छात्र (B) जिज्ञासु
   (C) वैज्ञानिक (D) उपर्युक्त सभी

14. कौन-सा तत्सम शब्द ग़लत है?
   (A) काँटा (B) अर्ध
   (C) अश्रु (D) ओष्ठ

15. कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
   (A) तिनका (B) तड़ाग
   (C) तेल (D) जीभ

16. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्रित वाक्य छाँटिए–
   (A) गाँव जाने पर वह बीमार हो गया। (B) माँ आई, इसलिए सब प्रसन्न हो गए।
   (C) तेज बारिश के कारण बाढ़ आ गई। (D) जब वेतन मिलेगा, तब कर्जा चुका दूँगा।

17. 'रुकावट डालना' अर्थ को व्यक्त करने वाला सही मुहावरा है–
   (A) तूती बोलना (B) डींग मारना
   (C) टाँग अड़ाना (D) तारे गिनना

18. 'ऊँची दुकान फीका पकवान' लोकोक्ति का सही अर्थ है–
    (A) दिखावा अधिक, सार कुछ नहीं। (B) दुकान ऊँची होना।
    (C) स्वादिष्ट पकवान न होना। (D) सभी उत्तर ग़लत हैं।

19. 'वह लड़की <u>पाँचवीं</u> कक्षा में पढ़ती है।' वाक्य के रेखांकित पद का सही भेद है–
    (A) क्रमवाची संख्यावाचक विशेषण (B) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
    (C) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

20. 'लोग कमरे में बैठे हैं। लोग बहुत थक चुके हैं।' उक्त दोनों वाक्यों के संश्लेषण से बना सही मिश्र वाक्य है–
    (A) कमरे में बैठे लोग बहुत थक चुके हैं।
    (B) लोग कमरे में बैठे हैं और बहुत थक चुके हैं।
    (C) जो लोग कमरे में बैठे हैं वे बहुत थक चुके हैं।
    (D) कमरे में बैठे रहने के कारण लोग बहुत थक चुके हैं।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण निपात का नहीं है?
    (A) ही (B) पर
    (C) भी (D) तक

22. 'हम लोग <u>कल</u> फ़िल्म देखने गए।' वाक्य का रेखांकित घटक है–
    (A) कालवाची क्रियाविशेषण (B) स्थानवाची क्रियाविशेषण
    (C) परिमाणवाची क्रियाविशेषण (D) रीतिवाची क्रियाविशेषण

23. कौन-सा वाक्य भूतकाल का नहीं है?
    (A) खिलाड़ी मैच खेल रहे थे। (B) सब लोग सुबह नाश्ता कर रहे थे।
    (C) वह अपना सितार ठीक कर रही थी। (D) मीरा ने गाना सुना दिया है।

24. 'आप यहाँ मत रुको।' वाक्य का सही रूप है–
    (A) आप इधर ना रुको। (B) आप यहाँ नहीं रुको।
    (C) आप यहाँ मत रुकिए। (D) आपको यहाँ नहीं रुकना चाहिए।

25. 'वह मुझसे मिलने <u>तक</u> नहीं आया।' वाक्य का रेखांकित अव्यय है–
    (A) संबंधबोधक (B) समुच्चयबोधक
    (C) निपात (D) क्रियाविशेषण

26. कौन-सा समस्तपद कर्मधारय समास का उदाहरण है?
    (A) नीलकंठ (नीला है जो कंठ) (B) दहीबड़ा (दही में डूबा हुआ बड़ा)
    (C) त्रिफला (तीनों फलों का समाहार) (D) राम-रहीम (राम और रहीम)

27. कौन-सा शब्द 'उत्सर्ग' शब्द का अनेकार्थी नहीं है?

(A) विसर्ग
(B) त्याग
(C) दान
(D) समाप्ति

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

कहा जाता है कि महात्मा गांधी में सौंदर्य-बोध बहुत अल्प था। मानव-निर्मित चीषों की सुंदरता उन्हें विशेष आकर्षित नहीं करती थी पर वे प्राकृतिक सुषमा की प्रशंसा किया करते थे। अक्टूबर 1924 में उन्होंने कहा था, ''सब सच्ची कलाएँ आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। कला अगर असली है तो उसे मनुष्य के भीतर के स्व को समझने में आत्मा की मदद करनी चाहिए। मुझे तो सुंदरता सत्य में दिखाई देती है। जिस कला से हम सत्य के भीतर छिपी सुंदरता देख सकें, वही सच्ची कला होगी।

28. 'महात्मा गांधी में सौंदर्य-बोध अल्प था।' इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं?

(A) गांधी जी को सुंदर वस्तुएँ पसंद नहीं आती थीं।
(B) गांधी जी मानव निर्मित वस्तुओं की तुलना में प्राकृतिक सौंदर्य के प्रशंसक थे।
(C) गांधी जी को सुंदर और असुंदर का भेद ही पता नहीं चलता था।
(D) तीनों उत्तर .गलत।

29. गांधी जी के अनुसार सच्ची कला में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नहीं होती?

(A) सच्ची कला आत्मा की अभिव्यक्ति होती है।
(B) सच्ची कला में बाह्‌य सौंदर्य का होना ज़रूरी है।
(C) सच्ची कला सत्य के भीतर छुपे सौंदर्य को देख सकती है।
(D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

30. 'कला' शब्द से बना सही विशेषण कौन-सा है?

(A) कलाकार
(B) कलाकृति
(C) कलात्मक
(D) कलावान

## खण्ड-ख ( योग्यता आधारित )

**निर्देश: इस खण्ड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल दो विकल्प सही है। विद्‌यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. निम्नलिखित में से कौन-से दो समानार्थक शब्द-युग्म है?

(A) काम-काज
(B) अता-पता
(C) सोच-विचार
(D) विचार

32. कौन-से दो शब्द 'पूर्वज' के पर्यायवाची हैं?

(A) पुरखे (B) पवित्र

(C) रत्नगर्भा (D) बाप-दादा

33. कौन-से दो शब्द 'मलिन' के विलोम है?

(A) निर्मल (B) गंदा

(C) स्वच्छ (D) भद्दा

34. कौन-से दो शब्द 'कुशल' शब्द के अनेकार्थी नहीं है?

(A) चतुर (B) प्रभाव

(C) अचेतन (D) प्रशिक्षित

35. कौन-से दो उदाहरण भाववाचक संज्ञा के हैं?

(A) दुष्टता (B) अमर

(C) योग्यता (D) अपना

36. निम्नलिखित में से कौन-से दो वाक्य अशुद्ध है?

(A) लक्ष्मीबाई वीर थी। (B) वह अभी वापस आ रहा है।

(C) वहां अनेकों लोग उपस्थित थे। (D) मुझे घर जाना है।

37. निम्नलिखित में से कौन-से दो वाक्य इच्छावाचक वाक्य हैं?

(A) काश! वह पढ़ता। (B) बच्चे खेल रहे हैं।

(C) ईश्वर करे, तुम इनाम जीतो। (D) विकास चित्र बनाता है।

38. कौन-से शब्द हैं जो 'गर' प्रत्यय से बने हैं?

(A) अजगर (B) सौदागर

(C) मगर (D) जादूगर

39. किन दो तत्सम शब्दों के तद्भव रूप ग़लत हैं?

(A) घोटक $\rightarrow$ घोटा (B) चक्र $\rightarrow$ चाक

(C) छत्र $\rightarrow$ छाता (D) श्वश्रु $\rightarrow$ ससुर

40. कौन-से दो शब्द 'बंदर' शब्द के पर्याय हैं?

(A) मर्कट (B) मृग

(C) शाखामृग (D) हनुमान

41. 'मैं काम करूँगा।' वाक्य से बने कौन-से दो निषेधात्मक वाक्य हैं?
(A) मैं काम नही करूँगा।
(B) मैं काम करता रहूँगा।
(C) मैं कभी काम नही करूँगा।
(D) मुझे काम करना चाहिए।

42. किन दो शब्दों के स्त्रीलिंग रूप ग़लत हैं?
(A) चींटा → मादा चींटा
(B) इंद्र → इंद्राणी
(C) लोटा → लुटिया
(D) चिड़ा → चिड़ी

43. किन दो वाक्यों में क्रिया का प्रयोग विशेषण के रूप में हुआ है?
(A) आपकी गाड़ी कहाँ है?
(B) वह सफेद गाड़ी मेरी ही है।
(C) उगते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।
(D) चलती गाड़ी में मत चढ़ो।

44. विग्रह को ध्यान में रखते हुए बताइए कि कौन-से दो उदाहरण द्विगु समास के हैं?
(A) दशानन (दस सिर वाला-रावण)
(B) दोपहर (दो पहरों का समाहार)
(C) पंचतंत्र (पाँच तंत्र हैं जो)
(D) चतुर्भुज (चार भुजाओं का समाहार)

45. निम्नलिखित में से कौन-से दो भोजन गुजरात के हैं?
(A) कचौरी
(B) उत्तपम
(C) ढोकला
(D) बासुंधी

46. किन दो तद्भव शब्दों से बने तत्सम शब्द ग़लत हैं?
(A) रानी-राज्ञी
(B) खीर-छीर
(C) बंदर-वानर
(D) घर-ग्रह

47. किन दो शब्दों का विलोम शब्द सही है?
(A) सुपुत्र-कुपुत्र
(B) अस्त-व्यस्त
(C) अनाथ-सनाथ
(D) कीर्ति-अकीर्ति

48. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द हैं जिनका प्रयोग सदैव एकवचन में ही होता है?
(A) आँसू
(B) समाचार
(C) क्रोध
(D) भूख

49. किन दो वाक्यों की संयुक्त क्रिया की रचना संकर्मक + अकर्मक क्रिया के योग से हुई है?
(A) बच्चों ने दूध पी लिया था।
(B) वे लोग अपना काम पूरा कर आए।
(C) धोबी कपड़े धो गया था।
(D) मेरी बात सुन कर वह हँस पड़ा।

50. कौन-से दो भेद अव्यय के अंतर्गत आते हैं?
(A) संबंधबोधक
(B) विशेषण
(C) निपात
(D) सर्वनाम

GRADE
9

HINDI